फिक्की के प्लेटफार्म को वर्चुअल मॉल के लिए इस्तेमाल किया जाएगा, जुलाई से होगी शुरुआत

# यूपी में खुलेगा देश का पहला वर्चुअल मॉल

**हिन्दुस्तान खास**

राज्य मुख्यालय | **हेमंत श्रीवास्तव**

कोरोना के कारण कारोबार व बाजार के बदले ट्रेंड के बीच उत्तर प्रदेश सरकार देश का पहला वर्चुअल मॉल खोलने जा रही है। इस वर्चुअल एग्जीविशन मॉल में एक बार में करीब एक हजार दुकानें (स्टाल) नजर आएंगी। जुलाई से यह इस मॉल के माध्यम से कारोबारी गतिविधियां शुरू कर देने की तैयारी है। मॉल के आकार, संचालन आदि को अंतिम रूप देने का काम अगले दो-तीन दिन में पूरा कर लिया जाएगा।

शनिवार को इस संबंध में फिक्की के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक रखी गई है।

इस एग्जीविशन मॉल के से देश-विदेश के कारोबारी घर बैठे आर्डर देकर अपने उत्पादों को खरीद-बिक्री सकेंगे। मॉल को खोलने और संचालन में फिक्की का सहयोग लिया जा रहा है। सूक्ष्म, लघु उद्यम विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. नवनीत सहगल का कहना है कि फिक्की को इस योजना से जोड़ा गया है। फिक्की के प्लेटफार्म को इस वर्चुअल एग्जीविशन मॉल के लिए प्रयोग में लिया जाएगा। सहगल के मुताबिक जून के अंतिम सप्ताह या जुलाई के पहले सप्ताह में यह मॉल खुल जाएगा। शिल्पियों, उत्पादकों, निर्यातकों को इस प्लेटफार्म से कारोबार करने का मौका मिल सकेगा।

**01** हजार दुकानें इस वर्चुअल मॉल में एक बार में नजर आएंगी

**04** माह पहले खींचा गया था इस वर्चुअल मॉल का खाका

## 24 घंटे कारोबारी लेन-देन कर सकेंगे

यह वर्चुअल मॉल ऑनलाइन कारोबार का ऐसा प्लेटफार्म होगा, जहां पर खरीदार और विक्रेता अपनी सुविधा से किसी भी समय कारोबारी लेन-देन कर सकेंगे। निर्यातकों के लिए यह यूनिक प्लेटफार्म होगा। विदेशों में जब कारोबारी गतिविधियां संचालित होती हैं, उस समय वह इस मॉल पर अपनी सक्रियता अधिक रख सकेंगे। इसका सबसे अधिक लाभ ओडीओपी, एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग के साथ ही राज्य के अन्य उत्पादों के निर्माता, विक्रेता और निर्यातकों को होगा।